पिछले दशक में कोयला खानों का बंद होना

2276. **श्री राम जेठमलानी** : क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 11 फरवरी, 1997 के "जनसत्ता" में "बंद कोयला खानों में फंसा है करोड़ों का कोयला" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि देश में कई कोयला खानें गत दशक से बंद पडी है;

(ग) यदि हाम, तो कुल कितनी कोयला खानें बंद पडी है और ये किन-किन राज्यों में स्थित है; और

(घ) क्या सरकार ने इस खानोम में कोयले की मात्रा के संदर्भ में इसके भंडार का पता लगाया है यदि हां, तो कोयले की पता लगायी गई मात्रा का ब्यौरा क्या है?

कोयला मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती कान्ति सिंह): (क) जी, हां,

(ख) और (ग) कोल इंडिया लिमिटेड से प्राप्त सूचना के अनुसार , पिछले दशक में, अर्थात् 1986 से 1997 के दौरान बंद की गई कोयले की खानों का राज्य-वार तथा कंपनी-वार अवस्थिति का ब्यौरा नीचे दर्शाया गया है:-

कंपनी का नाम	पश्चिम बंगाल	बिहार	मध्य प्रदेश	महाराष्ट्र
ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि0	23	5		
भारत कोकिंग कोल लि0		14		
सेंट्रल कोलफील्ड्स लि0		5	10	
वेस्टर्न कोलफिल्ड्स लि0			9	9
साउथ ईस्टर्न कोलफिल्ड्स लि0				
जोड़	23	24	19	9

(घ) कोल इंडिया लि0(को0इ0लि0) से प्राप्त सूचना के अनुसार को0इ0लि0 की कुल 75 बंद पडी खानों में से एक खान को ग्रहीत उपभोग के लिए एक गैर को0इ0लि0 पार्टी द्वारा खनन हेतु खोल दिया गया है तथा को0इ0लि0 द्वारा 4 भूमिगत खानों को ओपनकास्ट खान के रूप में परिरर्वित करके उनमें उत्खनन किया जा रहा है।

को0इ0लि0 को बकाया बंद पडी 70 खानों को , बंद किए जाने के कारण नीचे दर्शाए गए है:-

बंद की गई खानों की संख्या	कारण
(i) 56	खनन योग्य भंडारोम का परिसमापन तथा अलाभकारी स्ट्रीपिंग अनुपात
(ii) 12	सुरक्षा के दृष्टीकोण से
(iii) 1	कोयले का निम्न उठान
(iv) 1	कोयले का निम्न ग्रेड

उपर्युक्त क्रम सं0 (ii),(iii) तथा (iv) में सूचीबद्व की गई 14 बंद पदी खानों में छोड़े गए कोयले के शेष भण्डार 63.62 मि0 टन तक की मात्रा में विद्यमान है।

Supply of Coal to power plants

2277. SHRI AMAR SINGH: Will the Minister of COAL be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to the news item which appeared in the 'Pioneer' dated 24th December, 1996 under the heading 'Dark days ahead as Government sets on coal projects';

(b) if so, the details thereof and the reaction of Government thereto; and